पहाड़ियों The Hills पहाड़ियों – पर्वत या पहाड़ पृथ्वी की भू-सतह पर प्राकृतिक रूप से ऊँचा उठा हुआ हिस्सा होता है, जो ज़्यादातर आकस्मिक तरीके से उभरा होता है और पहाड़ी से बड़ा होता है। पर्वत ज़्यादातर एक लगातार समूह में होते हैं। पर्वत ४ प्रकार के होते है:

वलित पर्वत

भ्रंशोत्थ पर्वत या ब्लॉक पर्वत

होर्स्ट पर्वत

ज्वालामुखी पर्वत

अवशिष्ट पर्वत



जंगलों Forest वन – भू क्षेत्र जहाँ वृक्षों का घनत्व सामान्य से अधिक है उसे वन (जंगल) कहते हैं। विभिन्न मापदंडों पर आधारित जंगल की कई परिभाषाएँ हैं । वनों ने पृथ्वी के लगभग 9.5 भाग को घेर रखा है जो कुल भूमिक्षेत्र का लगभग 30 भाग है। एक समय कभी वन कुल भूमिक्षेत्र के 50 भाग में फैल हुए थे। वन, जीव जन्तुओं के लिए आवासस्थल हैं और पृथ्वी के जल–चक्र को नियंत्रित और प्रभावित करते हैं और मृदासंरक्षण का आधार हैं इसी कारण वन पृथ्वी के जैवमण्डल का अहम हिस्सा हैं। वन धरती के सबसे प्रमुख स्थलीय परितंत्र भी हैं। वन, धरती के जीव–मडंल के कुल सकल प्राथमिक उत्पाद के 75 भाग लिए हैं । धरती की 80 वनस्पतियाँ वनों में पाई जाती हैं। अलग अलग ऊंचाइयों पर स्थित वन विभिन्न परितंत्रों का निर्माण करते हैं– जैसे ध्रुवों के निकट बोरील वन, भूमध्य रेखा के निकट उष्ण कटिबन्धीय वन और मध्यम ऊंचाइयों पर शीतोष्ण वन। किसी क्षेत्र की ऊंचाई और वहां मौजूद नमी उस क्षेत्र में पाए जाने वाले वृक्षों पर प्रभाव डालती है। मानव और वन एक दूसरे पर सकारात्मक और नकारात्मक दोनों ही प्रभाव डालते हैं। वन जहाँ मनुष्य को अनेक प्राकृतिक संसाधन उपलब्ध कराते हैं वहीं वे आमदनी का एक स्त्रोत भी हैं।

घंटा Bell घंटा – घंटी या घंटा कम्पनस्वरी तालवाद्य यंत्र है। अधिकांश घंटियों में खोखले कप का आकार होता है। जब उसे ठोका जाता है तो उसमें मजबूत कंपन होती है जबकि इसके कोने कुशल अनुनादक बनाते हैं। घंटी एक विशेष प्रकार के धातु से बनती है, जिसे घंटा धातु (एक तरह का कांसा) कहते है। लेकिन इसे कई और धातु से भी बनाया जाता है। हिन्दू धर्म में घंटी का उपयोग पूजा में किया जाता है। ईसाई धर्म में भी घंटे का उपयोग होता और कई गिरजाघर में इसका उपयोग देखा जा सकता है।

राजा King बादशाह – राजा राजतंत्रात्मक शासन तंत्र का सर्वोच्च पद है। प्रायः यह वंशानुगत होता है। कुछ उदाहरण ऐसे जरूर मिलते हैं जहाँ राजा का चुनाव वंश परंपरा के बाहर के लोगों में से किया गया है। वह अपने मंत्रियों की सलाह से अपने राज्य पर शासन करता है। वह अपने शासन क्षेत्र, अधिपत्य या नियंत्रण वाले क्षेत्रों के लोगों के लिए नियम और नीतियाँ बनाता है। उसकी सहायता के लिए दरबार में विभिन्न स्तर के पद होते हैं। राजा के गुण और कर्तव्यों पर महाभारत सहित अनेक ग्रंथों में प्रकाश डाला गया है।

झोपड़ी **Hut** झोपड़ी– अँग्रेजी शब्द काटेज के अर्थ में छोटा मकान जिसे धनवान लोग नगर के बाहर बाग बगीचे में, या ग्रीष्मकाल में पर्वतीय स्थलों पर, थोड़े दिन के विश्राम एवं मनोरंजन के हेतु, बनवाते हैं। इसकी रचना में साधारण मकानों के निर्माण के प्रायः सभी सिद्धांत तथा नियम लागू होते हैं। अंतर केवल इतना ही है कि थोड़े स्थान में सभी सुविधाएँ प्रदान करने का प्रयास किया जाता है। इंजीनियर अथवा वास्तुविद् की कुशलता का यही मापदंड है। साधारणतः इसके कमरे औसत मकान से छोटे होते हैं और बरामदों आदि की व्यवस्था नहीं होती। बैठक तथा भोजन का स्थान एक ही कमरे में होता है। थोड़ी साजसज्जा से ही काम चल जाए, इस आशय से आलमारियाँ और अँगीठियाँ भी प्रायः दीवारों में बना दी जाती है।

Brainbox

झुंड **Herd** झुंड– झुंड पालतू या जंगली पशुओं के समूह को कहते है, जैसे जंगली भैंसा, विल्डबीस्ट, बकरी, भेड़, आदि। खुरदार प्रजाति के जीव अक्सर झुंड बनाते हैं।

बंदर Monkey बंदर – बंदर एक मेरूदण्डी, स्तनधारी प्राणी है। इसके हाथ की हथेली एवं पैर के तलुए छोड़कर सम्पूर्ण शरीर घने रोमों से ढकी है। कर्ण पल्लव, स्तनग्रन्थी उपस्थित होते हैं। मेरूदण्ड का अगला भाग पूँछ के रूप में विकसित होता है। हाथ, पैर की अँगुलियाँ लम्बी नितम्ब पर मांसलगदी है।

Brainbox
learn easy